दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 244 मुरादाबाद, 24 December 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### एकादशी पर खुला वैकुंठ द्वार: भगवान रंगनाथ ने भक्तों को दिए दर्शन: जीवात्मा को वैकुंठ धाम जाने का मिलता रास्ता

वृंदावन स्थित रंगनाथ मंदिर का द्वार एकादशी पर खुला। वैकुंठ द्वार से भगवान रंगनाथ ने भक्तों को दर्शन दिए। जीवात्मा को वैकुंठ धाम जाने का रास्ता मिलता है। तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन स्थित उत्तर भारत के विशालतम दक्षिण शैली का सबसे बड़ा रंगनाथ मंदिर शनिवार को वैकुंठ एकादशी के अवसर पर खुला। यह वैकुंठ द्वार वर्ष में एक बार खोला जाता है। वैकुंठ द्वार पर विराजमान होकर भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए। मान्यता है कि वैकुंठ द्वार से जो भक्त निकलता है, उसे वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। पालकी में विराजमान होकर निकली भगवान की सवारी -वैकुंठ उत्सव की शुरुआत देर रात भगवान रंगनाथ की मंगला आरती से हुई। इसके बाद सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भगवान रंगनाथ माता गोदा जी के साथ परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के मध्य निज मन्दिर से पालकी में विराजमान हो कर वैकुंठ द्वार पहुंचे। यहां भगवान रंगनाथ की पालकी करीब आधा घंटे तक द्वार पर खड़ी रही। मंदिर के पुजारियों ने किया वैकुंठ द्वार पर पाठ- भगवान रंगनाथ की सवारी वैकुंठ द्वार पर पहुंचने पर मंदिर के श्री महंत गोवर्धन रंगाचार्य जी के नेतृत्व में सेवायत पुजारियों ने पाठ किया ।करीब आधा घंटे तक हुए पाठ और अर्चना के बाद भगवान रंगनाथ, शठ कोप स्वामी,नाथ मुनि स्वामी और आलवर संतों की कुंभ आरती की गई। वैदिक मंत्रोचार के मध्य हुए पूजा पाठ के बाद भगवान रंगनाथ की सवारी मन्दिर प्रांगड़ में भ्रमण करने के बाद पौंडानाथ मन्दिर जिसे कहा जाता है कि भगवान का निज धाम वैकुंठ लोक कहा जाता है में विराजमान हुई। यहां मन्दिर के लोगों ने भगवान को भजन गा कर सुनाए। वैकुंठ एकादशी पर खुलता है बैकुंठ द्वार- वैकुंठ द्वार से निकलने की चाह में हजारों भक्त रात से ही मन्दिर परिसर में एकत्रित होना शुरू हो गए। मन्दिर के पुजारी स्वामी राजू ने बताया कि 21 दिवसीय वैकुंठ उत्सव में 11 वें दिन वैकुंठ एकादशी पर्व पर वैकुंठ द्वार खोला जाता है

## मुरादाबाद में योगी बोले- कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा, कानून से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद के बिलारी में किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यूपी में कानून से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जा रहा है। किसानों के लिए सरकार अनेक योजना चला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रदेश के 18 किसानों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री करीब 12.45 पर कार्यक्रम स्थल बिलारी पहुंचे ।योगी आदित्यनाथ के बिलारी में होने वाली जनसभा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर जुटे। मंच और पंडाल के चारों ओर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रही। ढकिया नरू गांव में आयोजित किसान सम्मान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था की बारीक जानकारी रखते थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का किसान लगातार आगे बढ़ रहा है। किसानों को कई प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश की सभी चीनी मिलों को चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गन्ना किसानों का लगातार भुगतान भी किया जा रहा है। प्रदेश के सभी किसानों तक लाभ पहुंचे इसके लिए कई योजनाएं तैयार की गई है। सीएम ने कहा कि जिन किसानों के पास निजी ट्यूबवेल है उन्हें सरकार की तरफ से फ्री बिजली मिलेगी। इसके साथ ही मुरादाबाद से जल्द हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के शासन के दौरान प्रदेश में लगातार दंगा होता था। अब कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाता है। अब लोग कहने लगे हैं कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा। विपक्षी दल सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता ने उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया। इसकी सजा उन्हें जनता देगी। यह संविधान और बाबा साहेब भीमराव का अपमान है। इससे पहले उन्होंने प्रदेश के 18 किसानों को सम्मानित किया। इसमें मुरादाबाद मंडल के नौ किसान शामिल हैं। संभल के फईम और रामपुर जिले के दो किसान अमित वर्मा एवं रामलाल को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। संभल जिले के पत्था निवासी फईम को मक्का उत्पादन में एक लाख, पत्था के रहने वाले अनिश को 75 हजार का पुरस्कार दिया गया। रामपुर जिले के पुरैनिया जदीद निवासी रामलाल को एक लाख और प्रेमवती प्रेमवती को 75 हजार का चेक सौंपा गया। प्राकृतिक खेती में अच्छा उत्पादन करने पर बिजनौर जिले के शरद कुमार सिंह 75 हजार रुपये से पुरस्कृत किए गए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद जिले के खानपुर मुज्जफरपुर निवासी किसान सत्यवीर सिंह और गौरा शाहगढ़ निवासी महेंद्र सिंह को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत मुरादाबाद जिले के स्योडारा बिलारी निवासी वीरेश कुमार, आगरा जिले के हरिविलास और हापुड़ जिले के शाकरपुर निवासी हरविंदर सिंह ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की गई।

## केजरीवाल सरकार की फिर बढ़ी मुश्किलें: एलजी ने दिए एक और जांच के आदेश, नकली दवाएं खरीदने का है आरोप



दिल्ली सरकार पर दवा घोटाले का आरोप लगा है। जिसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को चिट्ठी लिखी है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की सतर्कता रिपोर्ट पर सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार पर कथित शराब घोटाला मामले के आरोप लगे थे। जिसमें जांच चल रही है। वहीं अभी भाजपा दिल्ली सरकार पर जल बोर्ड में घोटाले के भी आरोप लगा रही है। बीते दिनों भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता के दौरान एक और बड़े घोटाले का दावा किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार केजरीवाल की गारंटी है। जल बोर्ड में घोटाला किया जा रहा है। ठेके का पैसा बढ़ेगा तो लूट तो मचेगी। वहीं, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अलावा सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन ( सीबीआई ) को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।

## लोकसभा चुनाव: पीएम मोदी ने भाजपा पदाधिकारियों को दिया मंत्र, सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश




भाजपा की दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पहुंचे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया। अगले साल होने वाले लोकसभा के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की शुक्रवार से दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। बंद कमरे में हुई बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संबोधित किया। आधिकारिक तौर पर पार्टी की तरफ से कुछ नहीं बताया गया है कि पीएम मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक में क्या कुछ कहा ।लेकिन सूत्रों ने कहा कि पार्टी नेताओं को यह संदेश दिया गया है कि चुनाव की घोषणा में अब तीन महीने से भी कम समय रह गया है, ऐसे में वे सरकार के अच्छे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहे सकारात्मक फीडबैक के बारे में भी चर्चा हुई। भाजपा ने अपने सदस्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे ।युवा, गरीब, महिलाओं और किसानों को ध्यान में रखकर करें काम... प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को ध्यान में रखते हुए काम किया जाना चाहिए। साथ ही पीएम मोदी ने सभी पदाधिकारियों से मिशन मोड में काम करने को कहा। बैठक में पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करने और गरीबों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिक डेटा साझा करने के लिए कहा गया। पीएम ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे नकारात्मक प्रचार का तथ्यों के साथ सकारात्मक जवाब दें। पार्टी पदाधिकारी बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लें- पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक में पहला विषय रखा कि लोकसभा चुनाव में 10 फीसदी वोट बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर काम करना होगा। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिए बूथ प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बूथ प्रबंधन का उदाहरण दिया और कहा कि पार्टी पदाधिकारी बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लें। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती से ही जीत हासिल होती है, इसलिए हमें पूरी तरह तैयार होकर ही लोगों के बीच जाना होगा। बाद में नड्डा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा देश के मुख्य आधार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण की राह पर आगे बढ़ रही है। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बैठक में शामिल हो सकते हैं। दक्षिणी राज्यों को किया जाएगा फोकस- भाजपा ने लोकसभा चुनावों में तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में जीत हासिल की है। महासचिव, प्रभारी और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके लिए वह पार्टी कार्यालय पहुंच गए हैं। सूत्रों ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के दलों द्वारा एक साथ चुनाव लड़ने के प्रयासों के मद्देनजर लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति पर चर्चा करेगी।

## तेजस्वी यादव के लिए टेंशन और राहत साथ-साथ, ED के नोटिस के तुरंत बाद अदालत ने उनकी इच्छा कर दी पूरी



नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में घिरे तेजस्वी यादव को टेंशन के साथ-साथ राहत की भी खबर मिली है। दरअसल कुछ देर पहले प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें पूछताछ के लिए फिर से समन भेजा और 5 जनवरी को पेश होने के लिए कहा। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही दिल्ली की की राउज एवेन्यू अदालत ने उन्हें राहत दे दी। नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में घिरे तेजस्वी यादव को टेंशन के साथ-साथ राहत की भी खबर मिली है। दरअसल, कुछ देर पहले प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें पूछताछ के लिए फिर से समन भेजा और 5 जनवरी को पेश होने के लिए कहा। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही दिल्ली की की राउज एवेन्यू अदालत ने उन्हें राहत दे दी। विदेश जाने की मिली अनुमति- राउज एवेन्यू अदालत ने तेजस्वी यादव 6 से 18 जनवरी 2024 तक के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा की अनुमति दे दी। उन्होंने कुछ दिन पहले ही विदेश जाने के लिए अदालत में याचिका लगाई थी जिसे अब कोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। तीन दिन पहले सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई हुई थी- बता दें कि तीन दिन पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई हुई थी। इस दौरान तेजस्वी की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा की अनुमति देने की मांग की थी। हालांकि, अब कोर्ट ने उन्हें सहमति दे दी। 22 दिसंबर को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे तेजस्वी - बता दें कि बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर को भी ईडी के सामने पेश होना था लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। क्या है जमीन के बदले नौकरी मामला?- साल 2004 से 2009 तक यूपीए सरकार में रेल मंत्री के रूप में लालू यादव के शासन में निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करके और बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के रेलवे में पसंदीदा उम्मीदवारों की नियुक्ति की गई थी। पटना के कुछ लोगों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता और जयपुर में स्थित विभिन्न जोनल रेलवे में स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया था। आरोप है कि नियुक्ति किए गए उम्मीदवारों ने यादव परिवार के कुछ सदस्यों को अत्यधिक रियायती दरों पर जमीन बेची। हालांकि, यादव परिवार ने आरोपों से इनकार किया है।

## विपक्ष अभी रणनीति भी नहीं बना सका और भाजपा ने शुरू कर दिया प्रचार... निरहुआ ने लांच किया गाना



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भोजपुरी फिल्म स्टार और भाजपा सांसद निरहुआ ने नया गाना लांच कर दिया गया है। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को बड़े कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है।पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद अब लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनने लगा है। एक तरफ जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया अभी बैठकें कर गठबंधन और रणनीति पर मंथन ही कर रहा है वहीं, भाजपा ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इस कड़ी में भोजपुरी फिल्मों के स्टार और आजमगढ़ से भाजपा सांसद निरहुआ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना लांच किया है। जिसके बोल हैं... 24 में फिर मोदी ही आएंगे। आकर्षक संगीत से सजे इस गाने में मोदी सरकार की उपलब्धियां को बहुत ही कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में राम मंदिर और मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही जनता के बीच जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट का लोकार्पण कर रामनगरी को सौगात देंगे। इसके बाद 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा जो कि देश प्रदेश के माहौल को पूरी तरह भगवामय कर देगा। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन इंडिया के दल के किसी एक नेता को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर सहमत नहीं है। अभी तक उन्होंने गठबंधन के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तक तय नहीं किया है। ऐसे में उनके लिए भाजपा को चुनौती देना बेहद कठिन होने वाला है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव में हार के बाद माहौल भी इंडिया गठबंधन के पक्ष में नहीं है। 19 दिसंबर को दिल्ली में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर ही मतभेद उभर आए। हालांकि, इस बैठक में 28 दलों के नेता शामिल हुए थे। भाजपा विपक्ष के मुकाबले चुनावी तैयारियों में काफी आगे है। तीन राज्यों में सरकार बनाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास भी उठा हुआ है। भाजपा नेताओं का दावा है कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## संपादकीय Editorial

# No 'wave' of Corona

Some cases of corona virus are definitely coming, but it is not a 'wave'. There is no tsunami of epidemic. There is no return of the terrible scene that we have seen and endured. A new strain of the virus is also present in India – JN-1. This is another variant of BA-2-86 or Pirola, which is a type of Omicron virus. JN-1 is in his line. Today its infection is being spread in 40 countries. A total of 2669 infected cases have been registered in our country till Thursday, December 21. More than 2300 of them are in Kerala alone.

Only 6 deaths have been recorded so far, out of which 3 have occurred in Kerala. The rest have been recorded in Maharashtra, Karnataka, Punjab. In the last period, India has seen thousands of cases of infection every day. In some big hospitals, the breathing of infected patients was broken due to lack of oxygen. However, there is no possibility of this scenario because this strain of virus is not that deadly. We can assure our readers that the chances of a lockdown are slim. There is currently no restriction on movement between states. Wearing a mask has also not been made mandatory. However, it is definitely being requested that if you go to a crowded area, wear a mask. If you are above 60 years of age and are a chronic patient of diseases like heart, liver, kidney, diabetes etc., still wear a mask and go to a crowded market or area. We cannot be lax now regarding Corona virus, hence the Union Health Ministry has sent an advisory to the states and union territories to keep full preparations in the hospitals. Oxygen cylinders should be filled. The ICU arrangements should be well maintained and mock drill should be conducted to see whether all the arrangements have been made or not. You should not be worried by these advisories and there should not be any possibility of panic. But this proves that the corona virus is still alive, viruses never die, their progeny keep spreading the infection. Even a developed country like America could not become corona-free, this is due to the existence of the virus.

However, this virus was first found in Luxembourg in August 2023. After that its cases were registered in England, Iceland, France and America. Genome surveillance is quite active in these countries, but compared to other viruses, JN-1 is ineffective. Doctors advise that elderly people with low or suppressed immunity can protect themselves with masks. A good quality mask can provide significant protection against all respiratory viruses, including coronavirus, but there is no reason to panic. Be alert. Of all the Omicron strains, they are not as contagious as Delta. They may infect more people, but there will be very few deaths. Doctors also believe that those who have taken both doses of the corona vaccine can protect a person from the existing virus as well. They are still effective today. The winter season is beginning to deepen. There are also Christmas festivals and New Year celebrations ahead. It is obvious that there will definitely be a crowd in them, so be sure to protect them. Lest the joyous celebrations make you ill. Of course, there is no 'wave' of Corona nor is the virus fatal, but the figures of infection will definitely keep appearing in front of you for the next few days. Don't be afraid of them. This is the public impact of the virus. If you have even a little fever, behave like you do during Corona. Keep yourself separate and at a distance from others. It would be better if you wear a mask.

# Perspective: This fate of the sacred profession of medicine... was never imagined

Looking at the misdeeds of some doctors, I no longer have the same trust in doctors as before. Corporate culture has turned the sacred profession of medicine into a profitable business. While studying medicine, I never thought that this would be the fate of this profession. I have so much faith in the professional competence of Indian doctors that I ask my friends and relatives suffering from serious diseases in Bangladesh to come to India and get treatment. I also tell my acquaintances in other countries that if there is a need for body examination or treatment of any disease, they should give preference to Indian doctors in hospitals. When I go to America and need medical checkup, I check the hospitals to see if there are Indian doctors there. If there are Indian doctors, I avoid the white Americans and consult Indian doctors. Why do I have so much confidence in Indian doctors outside India? Is it because we have the same history? Is it because we feel closeness due to being part of the same subcontinent? There are all these reasons, but the real reason is that on the basis of professional efficiency, Indian doctors are far ahead of the doctors of other countries. Indian youth take admission in medicine by sitting and passing difficult competitions, then after passing the difficult examination, they become doctors. The biggest reason why Indian doctors are so successful even in developed countries outside India is their professional proficiency. It is a different matter that after a horrific personal experience last year, my belief that all Indian doctors are good and honest towards their profession has been somewhat shattered. Apart from this, news of fraud committed by doctors keeps coming every now and then. Some time ago, a renowned cardiologist from a government hospital in Uttar Pradesh was arrested. His crime was that he had installed fake and defective pacemakers in the bodies of a total of six hundred patients. It was revealed that even people who did not need pacemakers had pacemakers forcibly installed in their bodies. Many of these people have either died, or are facing physical problems. Why did he do this? Because they had to complete the target. Obviously, he did this only to earn money. A figure shows that 44 percent of operations in India are unnecessary. That means, surgery is done even where there is no need for it. In India, 55 percent of heart, 48 percent of uterus, 47 percent of cancer, 48 percent of knee replacement and 47 percent of caesarean operations are such which are not needed. Hospitals have been corporatized, due to which a large number of surgeries are required. Most of the hospitals are no longer dedicated to the health of the people and to serve the patients. Especially most private hospitals are out to earn maximum profits. In most private hospitals, there are more people involved in increasing the profits of the hospitals than there are doctors and nurses. Surgeons are usually paid huge salaries there because they will perform a large number of surgeries and increase the income of the hospitals. I have studied medicine, so I find it sad to see doctors forgetting the purpose of service and running only after money. New doctors coming out of medical college have to take an oath to remain honest towards their profession. This is called the Oath of Hippocrates. Named after the ancient Greek physician Hippocrates, this oath was started in the fifth century BC. This oath is like this: 'I will not harm any patient. I will adopt all measures for the betterment of the patient. I will consider other doctors as my family and will treat and serve them selflessly. The day I went to a big and renowned private hospital in New Delhi due to my knee injury, I was a patient along with the doctor. But the doctor of that hospital ruined me by cutting my hip joint and replacing it with a substandard implant just to meet the target and just for the sake of money. Despite being a doctor, he had forgotten the oath of Hippocrates that day. One can only imagine how many times a doctor, engaged in his profession, must have forgotten the Oath of Hippocrates every day. As if performing unnecessary surgeries for the sake of profit was not a big enough crime, to hide their lie, the hospital management committed an even bigger crime by submitting a false report to me. Since I have been a doctor, I was successful in detecting his lie. Whereas every day countless people become victims of this fraud prevalent in the medical world. More than eight months have passed since that personal tragedy, and it is still a nightmare for me. I could not return to a healthy and natural life like before. I can't work out. In such a situation, there is no guarantee for how many days I will be able to remain healthy, because this will increase the complications of diabetes and blood pressure in me in the coming days. The day this implant breaks, I will have no other option to walk except a wheel chair. However, this bad trend prevalent in the field of medicine had worried and disturbed me earlier also. But after personal experience, my concerns have extended to other places, including concerns about my own life. Seeing the misdeeds of some doctors, I no longer have the same trust in doctors as before. Corporate culture has corrupted the sacred profession of medicine. As if it has been converted into a profitable business. There are many examples when even after the death of the patients, the dead bodies are not removed from the ventilator to extract more money from their families. There are also instances when dead bodies are not allowed to be taken from hospitals due to lack of money. Growing up under the guidance of a doctor father, I never thought that this would be the fate of this profession.

# Burden of elections: Voters are giving priority to the interest of the country, they will also have to be alert for economic rights.

The voter has started understanding the economic burden of elections, hence he is giving priority to the interest of the country, keeping aside his personal preferences. These days, every Indian is participating openly in every election and electing the government for their country with a huge majority in every state. Now it considers the financial burden of elections as a huge hindrance in its economic development, that is why the fragmented mandate is almost destroying Indian democracy. He no longer wants to maintain the false pride of economic development. The reason is only that the economic struggle of almost three generations of this 75 years old independent country is still there in its life. India is the largest democratic country in the world, of which we are proud, but it is very important to understand that the cost incurred by each voter during elections is comparatively double the cost of his daily economic standard of living. According to a report, the cost per voter during the 2019 Lok Sabha elections was approximately eight dollars, whereas even four years after that election, the per capita income in the country was only around three dollars or only Rs 250 per day. This figure makes it clear that Indian elections are becoming very expensive and their economic cost ultimately hinders the development of the common citizen due to lack of financial resources. Now the time has come when it should also be noted that if the life of a common Indian has not become much economically prosperous in the last 75 years, then in this context some problems are usually mentioned, for example, population. Increase in poverty, persistent unemployment, increased inflation, greater dependence on the agricultural sector and lack of quality education. But now, why not include the various election expenses of the country in all this? In the first general election of the country, the election cost per voter was 60 paise, which increased to Rs 17 in the year 2004. This cost remained Rs 2 per voter till the year 1985. It is also necessary to mention here that during the first general election in the year 1952, the total number of voters in the country was around 17 crores, which increased to around 90 crores in the 2019 Lok Sabha elections. That is, in the last 17 general elections since independence, the number of voters has increased more than five times, while the election cost incurred on them has been much higher. According to various reports, the total expenditure on the elections held in 2019 was Rs 55,000 crore, whereas in the first general election in 1952, this cost was around Rs 11 crore. What is surprising is that the 2019 general election was more expensive than the cost of the US presidential election. Recently, when the results of elections in five states came, it was once again seen that there was no fractured mandate in any state. Secondly, if the schemes made for the development of the common man, whether they are populist schemes or linked with phrases like 'rewadia banne', get public support, then it means that the common man is willing to participate in the development of infrastructure. Others also want some facilities in their personal life. In elections, voters are influenced only by economic considerations and not by any other objective or narrative. There is no doubt that despite being economically conscious, a common voter gets cheated every time in elections. It should not happen that the common people start considering the continuously increasing GDP as the main basis of their economic development and the gap between the rich and the poor keeps increasing. This thing hurts more when, despite becoming the fifth largest economy, we set a deadline of 2047 for increasing per capita income and dream that we will become a developed country in the hundredth year of independence. Therefore, democratic systems will have to analyze their stance on economic policies during elections. The common voter will also have to be more conscious of his economic rights, as he has started understanding the economic burden of elections, due to which he is giving priority to the interest of the country, setting aside his personal preferences.In the first general election of the country, the election cost per voter was 60 paise, which increased to Rs 17 in the year 2004. This cost remained Rs 2 per voter till the year 1985. It is also necessary to mention here that during the first general election in the year 1952, the total number of voters in the country was around 17 crores, which increased to around 90 crores in the 2019 Lok Sabha elections. That is, in the last 17 general elections since independence, the number of voters has increased more than five times, while the election cost incurred on them has been much higher. According to various reports, the total expenditure on the elections held in 2019 was Rs 55,000 crore, whereas in the first general election in 1952, this cost was around Rs 11 crore. What is surprising is that the 2019 general election was more expensive than the cost of the US presidential election. Recently, when the results of elections in five states came, it was once again seen that there was no fractured mandate in any state. Secondly, if the schemes made for the development of the common man, whether they are populist schemes or linked with phrases like 'rewadia banne', get public support, then it means that the common man is willing to participate in the development of infrastructure. Others also want some facilities in their personal life. In elections, voters are influenced only by economic considerations and not by any other objective or narrative. There is no doubt that despite being economically conscious, a common voter gets cheated every time in elections. It should not happen that the common people start considering the continuously increasing GDP as the main basis of their economic development and the gap between the rich and the poor keeps increasing.

# मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद के 18 प्रगतिशील किसानों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित तथा मा0 मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत 3 किसानों को नये टैक्टरों की सौंपी चाबी

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जनपद मुरादाबाद की ग्राम पंचायत ढ़किया नरु में स्व0 चैधरी चरण सिंह जी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के जन्मदिवस 23 दिसम्बर के सुअवसर पर किसान सम्मान दिवस एवं किसान महासम्मेलन का आयोजन श्री योगी आदित्यनाथ जी मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने किसान सम्मान दिवस के अवसर पर स्व0 चौधरी चरण सिंह जी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार की 51 फिट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण मा0 मुख्यमंत्री जी ने जनपद के 18 प्रगतिशील किसानों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित तथा मा0 मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अर्न्तगत 3 किसानों को नये टैऊक्टरों की सौंपी चाबी स्व0 चैधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान एवं जाट महासभा को स्व0 चैधरी चरण सिंह जी की 51 फिट ऊंची प्रतिमा बनाने पर मुख्यमंत्री जी ने किया धन्यवाद ज्ञापित मा0 मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का किया अवलोकन प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद मुरादाबाद की ग्राम पंचायत ढ़किया नरु में स्व0 चैधरी चरण सिंह जी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार के जन्मदिवस 23 दिसम्बर के शुभ अवसर पर आयोजित किसान सम्मान दिवस एवं किसान महासम्मेलन में कहा कि स्व0 चैधरी चरण सिंह जी की 121वीं पावन जयंती है। आज इस अवसर पर आयोजित अनेकों कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, ऐसे गौरव अवसर में स्व0 चैधरी चरण सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार को श्रृद्धाजंलि अर्पित करता हूँ। मा0 मुख्यमंत्री जी ने बताया कि स्व0 चैधरी चरण सिंह साहब भारत की अर्थव्यवस्था की गहन जानकारी रखते थे। उन्होंने कहा था कि जब तक किसान समृद्ध नही होगा तब तक देश का विकास संभव नही होगा। देश की समृद्धि एवं विकास गांव के खेत खलिहानों से होकर निकलता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्व0 चैधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान एवं जाट महासभा आगे बढ़कर कार्य कर रही है और प्रदेश सरकार उनके पीछे खडी है। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 वर्षो में विकास की नई गति प्रदान की है। एम0एस0पी0 को ईमानदारी से लागू करने कार्य मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है। प्रदेश के किसानों को किसान सम्मान योजनार्न्तगत डी0बी0टी0 के माध्यम से करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गन्ना मूल्य का त्वरित भुगतान दिलाकर उत्तर प्रदेश आज देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में गन्ना उत्पादन का निरन्तर क्षेत्र बढ़ रहा है। स्व0 चैधरी जी कहते थे कि किसानों को सिंचाई हेतु पानी मुफ्त मिले, प्रदेश सरकार ने किसानों को सिंचाई हेतु बिजली फ्री कर स्व0 चैधरी जी के सपनों को साकार किया है, यहीं डबल इंजन की सरकार का कार्य है। कहीं पूर्वान्चल, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे तो कहीं गंगा एक्सप्रेस-वे बनाने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है।



प्रदेश सरकार ने गंगा एक्सप्रेस-वे बनाकर प्रयागराज तक पहुंचने का कार्य आसान किया है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी संवेदना किसानों, नौजवानों, महिलाओं एवं गरीबों के लिए है। हमारी सरकार ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। उन्होंने कहा कि न कर्फ्यू न दंगा यू0पी0 में सब चंगा। डबल इंजन की सरकार बुलेट प्रूफ टेऊन की तरह निरन्तर विकास को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। स्व0 चैधरी साहब ने अन्नदाताओं, किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अनेकों कार्य किए हैं। प्रदेश सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। स्व0 चैधरी साहब की कर्म भूमि छपरौली की चीनी मिल का उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुनरोद्धार किया गया जिससे वहां के गन्ना किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था के रुप में प्रतिदिन निरन्तर आगे बढ़ रही है। किसान सम्मान दिवस 2023 के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद मुरादाबाद में 18 किसानों को अच्छा कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया।

किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था की गहरी जानकारी रखते थे, उन्होंने कहा था कि अगर किसान गरीब रहेगा तो भारत तरक्की नहीं कर सकता, हमे अन्नदाता की खुशहाली पर ध्यान देना ही पड़ेगा।

पहली बार देश के अन्नदाता किसानों ने इस बात को महसूस किया है कि वह भी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन देखने को मिला है, आपदा में फसल खराब होने पर फसल बीमा का उपहार मिला, कृषि सिंचाई योजना से किसानों को लाभान्वित किया गया। देश में पहली बार किसी सरकार ने किसानों का सम्मान किया तो वो मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किया, इसी क्रम में किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा पिछली सरकारों में गन्ना किसान तबाह होता था, सालों-साल तक फसलों का भुगतान भी नहीं हो पाता था। चीनी मिलें तबाह होती थीं। लेकिन बीते 6 वर्ष में कोरोना के बावजूद मौजूदा सरकार ने चीनी मिलें बंद नहीं होने दीं, वहीं किसानों को गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान भी किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे किसानों को पानी मुफ्त में मिलना चाहिए। भाजपा सरकार में किसानों के निजी नलकूपों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन देने की पूरी तैयारी हो चुकी है। 500 वर्षों बाद राम लला विराजमान होने जा रहे हैं, ये काम वो लोग कभी न कर पाते जो संविधान विरोधी कार्य कर रहे हैं। विपक्षी दल नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। संवैधानिक पदों पर बैठे महानुभावों का भी सम्मान नहीं कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश को विकास का ग्रोथ इंजन बनाएंगे विरासत का सम्मान हमारी जिम्मेदारी

यूपी के 2 करोड़ 61 लाख किसानों को मिल रहा है प्रधानमंत्री किसान योजना का लाभ अगले साल 42000 किसानों को सोलर पंप देंगे

किसानों के ट्यूबवेल को फ्री बिजली देने की तैयारी में जुटी सरकार, अलग से लगाए जा रहे हैं ट्रांसफार्मर

मुरादाबाद सालाना कर रहा है 16000 करोड रुपए का निर्यात

संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का उपहास उड़ाने वालों को भुगतनी नहीं होगी सजा

काम की वजह से यूपी में दूसरी बार रिपीट हुई है सरकार

इस अवसर पर चीनी एवं गन्ना विकास मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण, पशुपालन मंत्री डा0 धर्मपाल सिंह, लोक निर्माण विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्री जितिन प्रसाद, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, कृषि राज्य मंत्री डा0 बल्देव सिंह औलख, नगर विधायक डा0 रितेश गुप्ता, सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, श्री हरिसिंह ढिल्लों, श्री गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा सम्भल श्रीमती अनामिका यादव, चैधरी चरण सिंह स्मारक ट्रस्ट एवं शिक्षण संस्थान के स्थापक चैधरी जितेन्द्र सिंह, श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा, बी0के0 पवार, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं ए0डी0जी0 पुलिस, मण्डलायुक्त मुरादाबाद, जिलाधिकारी मुरादाबाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद, मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शिक्षक महासभा के प्रान्तीय महा सभा सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।सोम शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन के दूसरे दिन संजय कम्युनिटी हॉल में मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण कुमार वन एवं पर्यावरण मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर विनय ऋषिपाल रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली एवं चंद्रभान सिंह गंगवार रहे। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री डॉ बृजेश कुमार भारती ने संबोधित किया सम्मेलन में आठ प्रमुख प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें चयन बोर्ड की धारा 21,18 और 12 को पुनः स्थापित करना 1 अप्रैल के2005 बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन प्रधानाचार्य के पदों में आरक्षण की व्यवस्था विद्यालयों का राजकीय कारण आरक्षित वर्ग के अध्यापक को कर्मचारी के पदों को भरना सभी माध्यमिक शिक्षकों को राजकीय शिक्षकों की भांति चिकित्सा सुविधावित्तविहीन शिक्षकों को वेतन वितरण अधिनियम 1971 से आच्छादित करना मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं परीक्षा ड्यूटी का परिश्रम सीबीएसई बोर्ड के बराबर किया जाए। कार्यक्रम को डॉ राजेंद्र कुमार गंगवार ने संबोधित किया। सभी का आभार व्यक्त किया डॉक्टर छोटेलाल ने संगठन की उपलब्धियां बताएं विनोद कुमार जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरे बरेली मंडल के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य का धन्यवाद किया कार्यक्रम का संचालन जयपाल शास्त्री ने किया कार्यक्रम का समापन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुंदर दास शास्त्री ने किया कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी महेंद्र कुमार गंगवार डॉ मेहरबान सिंह नरेंद्र पाल सिंह तेज प्रकाश अमर सिंह जलज सक्सेना आलोक कुमार गंगवार जिला महामंत्री अशोक गंगवार मंडली महामंत्री डॉ अनिल आनंद भानु प्रताप सिंह संजय कुमार कश्यप मुकेश कुमार सक्सेना आदि।

# किसान दिवस पर सपाइयों ने चौधरी चरण सिंह को किया नमन

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के सिविल लाइंस स्थित जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 121वां जन्मदिन किसान दिवस के रूप में मनाया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने किसानों के लिए किए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष डीपी यादव और अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसान हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके दिखाए रास्ते पर चलने का हम संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, संजीव चौधरी, अतहर हुसैन अंसारी, मुकेश यादव, नाजिम सैफी, बब्बर खां, जयपाल सिंह सैनी, सैय्यद नईम, रशीद मलिक, नाजिम हुसैन, राकेश राठी,




सुनीता सिंह, लुकमान खान,शान सिद्दीकी, अज़ीम खान, मोहम्मद इब्राहिम, चेतन सिंह, शहजाद सिद्दीकी, इस्माइल खान, महेंद्र सिंह, फाजिल मलिक, भूरा कुरैशी, विकास जाटव आदि मौजूद रहे।

जयंती पर चौधरी चरण सिंह को याद किया- किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को चौधरी चरण सिंह चौक पर राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हवन किया व माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चौधरी चरण सिंह ने पूरी जिंदगी किसानों के हित के कार्य किया। इसलिए उन्हें किसान मसीहा के नाम से जाना जाता है। इस दौरान राजवीर सिंह, मंगू सिंह त्यागी, अरिसूदन सिंह, फिजा उल्ला चौधरी, सलीम कुरैशी, वीर सिंह, किरण पाल सिंह, यावर अली, नन्हे चौधरी, सुमित चौधरी, अभिजीत चौधरी, धीरेंद्र रस्तोगी, सुनील मुखिया, धीरेंद्र सिरोही आदि मौजूद रहे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# सांसदों के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन



क्यूँ न लिखूँ सच

लोकसभा एवं राज्यसभा में विपक्षी दलों के 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में सीपीएम जिला सचिव इंजी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दल कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी के साथ इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय आवाहन पर रामपुर बघेलान अनविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पत्र सौपा गया आशुतोष सिंह ने कहा की सांसदों का निलंबन उन सभी भारतीयों का अपमान है जिन्होंने अपने क्षेत्र से अपनी आवाज को संसद में उठाने के लिए भेजा था जायज मांगों को उठाने पर जिन सांसदों को निलंबित किया गया है उन्हें तुरंत बहाल किया जाए जीस भाजपा सांसद के हस्ताक्षर के पास पर 13 दिसंबर को दो युवकों ने अपनी मांग को लेकर संसद के अंदर अंदर तक पहुंचे उस सांसद पर कार्यवाही होनी चाहिए प्रदर्शन में आज सीपीएम जिला सचिव आशुतोष सिंह जिला समिति सदस्य शिवराम सिंह राजेंद्र सिंह रावेंद्र सिंह बठिया भोला प्रसाद कुशवाहा प्रकाशचंद्र गुप्ता प्रद्युमन सिंह इंद्रगोपाल सिंह रामराज सिंह बालेंद्र सिंह आम आदमी पार्टी से जिला अध्यक्ष किसान बिंग अर्जुन दाहिया दीपक अध्यक्ष विजय सिंह राकेश साकेत कांग्रेस पार्टी से सुनील बड़गइया धीरज शर्मा उपस्थित रहे

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# रेडीमेड के फैशनईरा शोरूम में चोरों ने बेखौफ होकर की शोरूम में चोरी

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता






शामली- शामली नगर के बीचोबीच रेडिमेड शोरूम फैशनईरा में पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ होकर 20 लाख से अधिक की चोरी को चोरों ने अंजाम दे दिया। फैशनईरा के मालिक अश्विनी कुमार की जानकारी के अनुसार बेखौफ चोरों ने फैशनईरा की उपरी मंजिल पर बनी मोंटी के लोहे के दरवाजे को तोड़ अंदर घुसकर केश काउन्टर के ताले तोड़कर केश व कीमती घड़ी व क़ीमती रेडीमेड कपडे चुरा कर ले गए। अश्विनी कुमार ने बताया कि हर रोज की तरह मेने 22-12-2023 की रात्री 10 बजे लगभग शोरूम को बंद करने के बाद अपने घर चला गया और अगले दिन 23-12-2023 को सुबह 8¬30 बजे शोरूम खोला और अंदर गया तो देखा केश काउंटर का ताला टूटा हुआ और केश गायब और कीमती घड़ी रेडिमेड कपड़े भी गायब थे। जानकारी के अनुसार जिसकी कीमत लगभग 20 लाख से अधिक है। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जाँच की। अश्विनी कुमार ने बताया कि जो भी जानकारी में मुजरिम होगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इस घटना से पुलिस का खौफ चोरों के अंदर व्यापत नहीं है और इस तरह की घटनाएँ आगे भी हो सकती है सोचने का विशेष है।

# नीता महिला स्व सहायता समूह संचालक कि गुण्डा गर्दी के कारण बच्चों के मध्यान भोजन में हो रहा खुलेआम भ्रष्टाचार, नहीं मिल पा रहा भोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी






नैनिहालों के पेट पर मारा जा रहा लात मऊगंज जिले के विकासखंड हनुमना के ग्राम पंचायत माजन के प्राथमिक एवम माध्यमिक स्कूल में नीता महिला स्व सहायता समूह संचालक कर रहा मनमानी बच्चों का निवाला छीन रहा एवं समय से खाना नहीं दे पा रहा सिर्फ दाल चावल खिचड़ी रोज बनाता है जिसमें दाल पत्थर युक्त घटिया क्वाल्टी की जिसके कारण दाल कच्ची रह जाती है और मेनू के हिसाब से तो बिलकुल भी भोजन बच्चों को नहीं दिया जाता कुछ दिन पूर्व में माजन पंचायत के सचिव द्वारा स्कूल में जाकर समझाया भी गया था बाबजूद इसके अभी तक सुधार नहीं है बताया जा रहा है कि समूह संचालक 5 से 6 समूहों का प्रभार लिया गया है अधिकारियों कि मिली भगत के कारण अच्छी खासी लूट की जा रही है जब हमारी टीम स्कूल प्रांगण में पहुंची तो देखा गया कि स्कूल में बच्चों के लिए खाना नहीं बना था कारण पता किया गया तो गैस खत्म थी जिसकी सुचना देने के लिए वहा की रसोइ बाली और स्कूल के मास्टर समूह वाले को फोन लगाए तो उसके द्वारा फोन तक नहीं उठाया गया और जब मैं फोन किया और उसको सारी बात बताई तो हमसे बोला कि हम ऐसे ही कार्य करते हैं और जितना कर रहे हैं वही बहुत है संचालक द्वारा उल्टा सीधा भी बोला जाता है अब ऐसे व्यक्ति समूह संचालन करेंगे तो बच्चों के भविष्य का क्या होगा और प्रशासन के द्वारा को बच्चों के भोजन कि बेबस्था कि गई है तो क्या होगा इस योजना का यह सोचनीय बात है कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई जिससे अभिभावक भी आक्रोशित नज़र आई समूह संचालक खुलेआम प्रशासन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है हालाकि माननीय कलेक्टर मऊगंज ने मामला को संज्ञान में ले लिऐ हैं और कार्यवाही का आश्वासन भी दिए हैं इसी के साथ देखना यह दिलचस्प होगा कि ऐसे भ्रष्टाचारियों पर प्रशासन क्या कार्यबाही करता है ।

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श




फर्रुखाबाद मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती किसान दिवस के रूप में आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सही मायने में किसानों के असली मसीहा थे आज उनका नाम जिस सम्मान के साथ लिया जाता है वह उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की ही देन है। चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के उत्तराधिकारी नेताजी मुलायम सिंह यादव बने । उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी पिछड़ों और किसानों के हक की बात हमेशा से करती रही है, वह उनका दुख दर्द अच्छी तरह समझती है। आज समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उनके विचारों का अनुसरण कर रही है। लोकसभा प्रभारी मौलाना इरफान उल हक कादरी ने कहा की चौधरी चरण सिंह के समक्ष उनको बचपन में एक बार बोलने का मौका मिला था, वह सही मायने में गरीबों की आवाज थे।

पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने चौधरी चरण सिंह के सम्पूर्ण जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा यह 2024 का चुनाव भाजपा आखिरी चुनाव करना चाहती है इसलिए किसानों से अपील है की बदलाव करें ताकि आपकी आवाज सदन में उठाई जा सके। जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह पैसे से ज्यादा व्यक्ति के संघर्ष को वरीयता देते थे। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह साधारण स्वभाव के थे परंतु उनका व्यक्तित्व बहुत महान था। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने कहा कि आज भाजपा सरकार किसानों को मात्र 2000 रुपए देकर उनका वोट खरीदना चाहती है और उनकी जमीनों को बड़े उद्योगपतियों के हाथों गिरवी रखवाना चाहती है। किसानों को एक साथ मिलकर भाजपा की सरकार को हटाने का फैसला करना चाहिए। इस अवसर पर फारुख कादरी,अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर, विजेंद्र यादव प्रधान सोना जानकीपुर ,राजपाल यादव आदि ने विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कार्यक्रम प्रभारी विजेंद्र यादव, साजिद अली खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, विनीत परमार जिला सचिव का धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर महासचिव रजत महेश्वरी ने किया। इस अवसर पर पार्टी ने पदाधिकारियों के साथ संगोष्ठी में किसान भी मौजूद रहे।

# कार्यालय कलेक्टर ( खाद्य ) विभाग से 17 स्वसहायता समूहों को खरीदी केंद्र की सौंपी गई जिम्मेदारी

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

त्योंथर -त्योंथर महादेव स्वसहायता समूह चंदेला खरीदी स्थल पुर्वातीर ,विनायक स्वसहायता समूह,कोनिया कला खरीदी स्थल कुठिला, को सौंपी गई विशेष जिम्मेदारी कलेक्ट्र रीवा के निर्देशन् पर कमांकः1302 /खादय/उपा/2023- म.प्र.शासन खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 2293/1170210/2023/29-1 भोपाल, दिनाक 08 नवम्बर 2023 द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में जारी उपार्जन नीति अनुसार उपार्जन दिनाक 01/12/2023 से 19/01/2024 तक खरीदी किया जायेगा।जिसमे खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरक्षण संचालनालय भोपाल के पत्र क्रमांक 7194/उपार्जन 2023 भोपाल दिनाक 21/12/2023 के द्वारा ह्रूक्ररू की पंजीकृत महिला स्व सहायता समूहों को उपार्जन का कार्य देने की अनुमति दी गयी है शासन से प्राप्त अनुमति एवं जिला उपार्जन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय अनुसार महिला स्व सहायता समूहों के 17 गोदाम/समिति स्तरीय धान खरीदी केन्द्र निर्धारित किये गए। जिसमे तहसील सिरमौर *में महिला स्व सहायता समूहों में अमित स्वसहायता समूह बेलवा सुरसरी खरीदी स्थल बैकुण्ठपुर शुक्ला वेयर हाउस उमरी,आदर्श स्वसहायता समूह उमरी खरीदी स्थल बदरांव ओम साई वेयर हाउस उमरी,जय भोले स्वसहायता समूह डेल्ही खरीदी स्थल डेल्ही एस एण्ड एस एग्रो पाली,जनता स्वसहायता समूह खरीदी स्थल मझियार में *सेमरिया तहसील में अंकुर स्वसहायता समूह झलवार खरीदी स्थल बीरखाम विजया वेयर हाउस हिनौता, रागिनी स्वसहायता समूह मऊ खरीदी स्थल बरौ ओम कामता वेयर हाउस हिनौता में जवा तहसील में बजरंगबली स्वसहायता समूह जोन्हा खरीदी स्थल गढ़वा, भैरवबाबा स्वसहायता समूहगंज खरीदी स्थल नीवा, लक्ष्मीबाई स्वसहायता समूह जोन्हा खरीदी स्थल दोदर,अंबिका स्वसहायता समूह भुनगांव खरीदी स्थल भुनगांव, सुखमंती स्वसहायता समूह कोनी खरीदी स्थल चौखंडी में इसी तरह से त्योथर तहसील में महादेव स्वसहायता समूह चंदेला खरीदी स्थल पूर्वातीर,विनायक स्वसहायता समूह कोनियाकला खरीदी स्थल कुठिला में मनगवां तहसील में सरस्वती स्वसहायता समूह पथरहा खरीदी स्थल टिकुरी 37, सूर्यकांत वेयर हाउस,जय रोशनी स्वसहायता समूह पथरहा खरीदी स्थल पथरहा में गुढ़ तहसील में जय माँ शारदा स्वसहायता समूह सुपिया खरीदी स्थल पांती, तथा *रायपुर कर्चुलियान तहसील *में कृष्णा स्वसहायता समूह पड़रा खरीदी स्थल मढ़ी केंद बनाये गए है।

# शामली में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता




शामली कलेक्ट्रेट में सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई आयोजित बैठक में जिला अधिकारी ने विभागीय कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश के साथ ही जिन कार्यक्रमों में स्थिति ठीक नहीं मिली उसमें सुधार के कई निर्देश दिए आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त भारत कार्यक्रम एवं समेकित शिक्षा की विशेष रूप से समीक्षा की गई आयोजित बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने नवंबर माह में निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद शामली में आयोजित कराए गए नेट परीक्षा परिणाम डी एम एड पशिक्षुओ द्वारा निपुण बच्चों का आकलन एवं ऑपरेशन कायाकल्प तथा समेकित शिक्षा से संबंधित प्रगति के विषय में जिला अधिकारी को अवगत कराया बैठक में जिलाधिकारी ने नवंबर माह में जनपद में 4828 परसेंट निपुणता प्राप्त कर चुके बच्चों के डाटा को संतोषजनक बताते हुए एक आरपी द्वारा लिए गए स्कूल की क्रास चेकिंग के निर्देश दिए साथी उन्होंने समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लर्निंग आउटकम्स की निरंतर मार्केटिंग करने के भी निर्देश दिए बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत रिजुवनेशन मद के समक्ष संपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए टिटौली के उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्क्रीन पर ग्रामीणों द्वारा किए गए कब्जे की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए बैठक में पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्कूलों में दी जाने वाली सुविधाओं की प्रगति के विषय में भी जाना साथ ही 65त्न से कम बच्चों की उपस्थिति वाले विद्यालयों को जिन विद्यालयों में प्रवासी अभिभावकों के बच्चे अध्ययन करते हैं उन विद्यालयों की मानिटरिंग करते हुए उपस्थित बधाई जाने पर विशेष जोर दिया

# शामली श्रीमद् भागवत गीता जयंती व तुलसी पूजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



